हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

27 जुलाई 2025, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए इंस्पायर-मानक अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और प्रत्येक बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं।

आगामी 23 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अपील की कि वे नमो ऐप के ज़रिए नया आइडिया साझा करें कि यह दिवस कैसे मनाया जाए।

प्रधानमंत्री ने कुछ ही दिन पहले, अंतरराष्ट्रीय रसायन-शास्त्र ओलंपियाड में पदक जीतने वाले छात्रों की चर्चा की ।

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने गणित के क्षेत्र में भी अपनी पहचान को मजबूत किया है। ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में, भारत के विद्यार्थियों ने 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि अगले महीने मुंबई में, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलिंपियाड का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। उन्होंने 18 वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो 11 अगस्त,1908 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए।

श्री मोदी ने कहा कि देश के दीवानों ने अपने रक्त से आजादी के आंदोलन को सींचा था और  अनगिनत बलिदानों के बाद देश को आजादी मिली थी।

श्री मोदी ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आज़ादी के साथ बंटवारे की टीस भी जुड़ी हुई है। इसलिए, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने इस महीने मनाए जाने वाले त्योहारों का जिक्र भी किया।

---------------------------------------------------------------------------------